(163)

सेवा में,

श्रीमान निदेशक महोदय/जन सूचनाधिकारी
भारतीय वन्य जीवन संस्थान, भारत सरकार
चन्द्रावनी, देहरादून। 248001 (भारत)

विषयः– श्रीमानजी के द्वारा असिस्टेंड ग्रेड तृतीय के रिक्त पदों पर नियुक्ति किए जाने हेतु प्रकाशित कराए गए विज्ञापन के आधार पर प्रार्थी के द्वारा समस्त औपचारिकताओं को पूर्ण कर निर्धारित 500/– रुपये शुल्क का ड्राफ्ट संलग्न कर दिए गए आवेदन पर आज तक कोई भी सूचना न मिलने के कारण सूचनाधिकार अधिनियम 2005 की धारा 6 के अर्न्तगत आवेदन प्रस्तुत करते हुए सूचना व अभिलेखों को प्राप्त करने हेतु आवेदन पत्र प्रेषित।

श्रीमानजी,

प्रार्थी निम्नलिखित प्रकार से वर्णित करते हुए आवश्यक सूचना व अभिलेखों को प्राप्त करने हेतु आवेदन पत्र प्रेषित कर रहा है, जिस पर सूचना व अभिलेख दिलवाया जाना आवश्यक है:–

DWII OFFICE
DIARY NO.: 1055
DATE: 14/06/2016

1– यह कि प्रार्थी ने श्रीमानजी के द्वारा असिस्टेंड ग्रेड तृतीय कि रिक्त पदों पर नियुक्ति करने हेतु विज्ञापन प्रकाशित कराया गया था और जिस पर प्रार्थी ने अपनी शैक्षिक योग्यताओं के आधार पर निर्धारित फार्म भरकर निर्धारित शुल्क 500/– रुपये का बैंक ड्राफ्ट संख्या 546300 दिनांकित 18.1.2016 का डिमाण्ड ड्राफ्ट भारतीय स्टेट बैंक फतेहगढ़ का संलग्न कर जमा किया, परन्तु आज तक कोई भी सूचना प्राप्त नहीं हुई और न ही किसी प्रकार का रिटिन टेस्ट/साक्षात्कार के विषय में कोई सूचना प्राप्त हुई। **संलग्नक डिमाण्ड ड्राफ्ट की छाया प्रति।**

CPIO (Dr. Aseem Srivastav)

(क) प्रार्थी को यह सूचना दी जाए कि प्रार्थी के द्वारा उक्त के अनुसार प्रस्तुत किए गए आवेदन पर क्या कार्यवाही की गई और उक्त रिक्त पदों पर नियुक्ति किए जाने हेतु कोई भी लिखित परीक्षा या साक्षात्कार सम्पन्न हुआ या नहीं। रिक्त पद अभी तक भरे गए हैं या नहीं और यदि भरे गए तो उसकी सूची व रिक्त पदों पर आवेदन करने वालों की सूची की प्रति व चयनित अभ्यर्थियों की सूची की प्रति स्पष्ट सूचना सहित शीघ्रता शीघ्र देने की कृपा करें।

13/6

2– यह कि प्रार्थी आवेदन शुल्क 10 रुपये व मांगे गए अभिलेखों का छाया प्रति शुल्क 2 रुपये प्रति पन्ने के हिसाब से 5 पन्नो का 10 रुपये योग 20 रुपये का पोस्टल आर्डर संख्या 34 एफ 780673 एवं 34 एफ 780674 दिनांकित 9.6.2016 आवेदन के साथ संलग्न कर प्रस्तुत कर रहा है।

अतः प्रार्थना है कि उक्त वर्णित मांगी गई सूचनाएं व अभिलेखों की प्रतियां शीघ्रता शीघ्र देने की कृपा करें। प्रार्थी आभारी होगा।

WILDLIFE INSTITUTE OF INDIA
Right to Information Act, 2005
Apl. No. 22 Qtr. 1st Year 2016-17
Fee 20 Inward Date 14/06/16

दिनांकः– 9.6.2016

प्रार्थी,

अजय कुमार सक्सेना
केयर ऑफ– सी.यू. सक्सेना, एडवोकेट
चें0नं0 19, लाल बहादुर शास्त्री अधिवक्ता भवन
फतेहगढ़, जनपद फर्रूखाबाद।

WILDLIFE INSTITUTE OF INDIA
Right to Information Act, 2005
Apl. No.
Fee